# मेरे श्याम पिया | by Subhash Bhatnagar

मेरे श्याम पिया दिल तुझको दिया
तू है मेरा पिया तुझ बिन लागे ना जिया
तुझे देखूं ना जब तक आँखों से
नहीं लगता दिल मेरा
नहीं लगता दिल मेरा.........

रो रो कर मैं रह जाता हूँ
किसी से कुछ ना कह पाता हूँ
मन ही मन में घबराता हूँ
साथ तुझे ना जब पाता हूँ
मैं देखूं तुझको ख्यालों में
तेरा रस्ता निहारूं राहों में
आजा तू एक बार श्याम पिया
नहीं लगता दिल मेरा.........

खाटू में अपने मुझको बुला ले
चरणों में अपने मुझको लगा ले
दर्शन मुझको अपना करा दे
दास मुझे तू अपना बना ले
रम जाऊं मैं तेरी भक्ति में
मुझको तू ऐसी शक्ति दे
मुझे अपना बनाले श्याम पिया
नहीं लगता दिल मेरा.........

जिस जिस ने तेरा नाम लिया है
तूने उसको थाम लिया है
तूने मुझको खाटू बुलाया
साथ है तूने मेरा निभाया
तूने सुभाशीष मन को तारा है
तू बाबा श्याम हमारा है
हमें भूल न जाना श्याम पिया
नहीं लगता दिल मेरा.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-subhash-bhatnagar/